वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 39 | सोमवार 3 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने से लुढ़का पारा

### आज 10 जिलों में बरसात का अलर्ट ; कल से 2 दिन साफ रहेगा मौसम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। रविवार को लगातार दूसरे दिन जयपुर, बीकानेर और भरतपुर संभाग के जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। कई जिलों में ओले गिरने और बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के पूर्वी हिस्से के 10 जिलों में आंधी के साथ कहीं-कहीं बादल छाने और बारिश होने की संभावना जताई है। 4 और 5 जून को मौसम साफ रहेगा, जिससे गर्मी तेज होने लगेगी। 6 जून से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। इससे पूर्वी राजस्थान के जिलों में आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। उत्तरी राजस्थान के हनुमानगढ़ में रविवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। यहां 65किमी प्रति घंटा की स्पीड से आंधी चली। बारिश हुई। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। बीकानेर और श्रीगंगानगर के बॉर्डर एरिया में भी दोपहर बाद ऐसा ही मौसम रहा। बीकानेर के लूणकरणसर में तूफानी बारिश हुई। इससे पहले, बीकानेर में कल दिन में गर्मी थोड़ी तेज थी। यहां अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि श्रीगंगानगर में 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के अलावा सीकर में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर जिले के कई इलाकों में शाम को तेज बारिश हुई। कई स्थानों पर धूलभरी हवा चली। सीकर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, जबकि जयपुर का 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### डीडवाना में 22एमएम बरसात

नागौर के डेगाना में 15एमएम, जायल में 4एमएम, डीडवाना में 22एमएम, परबतसर में 7एमएम, लाडनूं में 4एमएम, अजमेर के किशनगढ़ में 4एमएम, अजमेर शहर में 3एमएम, चूरू के बीदासर में 2एमएम, भीलवाड़ा के ज्ञानगढ़ में 4एमएम, जयपुर के चाकसू में 3एमएम, सांगानेर में 1एमएम, झुंझुनूं के मंडावा में 10एमएम, चिड़ावा में 5एमएम और चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में 1एमएम बारिश दर्ज हुई। मौसम केंद्र जयपुर से जारी फोरकास्ट देखें तो राज्य में 4 जून से मौसम साफ होने लगेगा और गर्मी बढ़ने लगेगी। हालांकि अधिकांश शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने के आसार हैं। 5 जून को भी मौसम साफ रहेगा। 6 जून से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसका प्रभाव पूर्वी राजस्थान में देखने को मिलेगा। इस दौरान यहां आंधी चलने और कहीं-कहीं मेघ गर्जना के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

## ब्राइड-ग्रूम के साथ पार्टी लवर्स के लिए शोकेस हुए डिजाइन

### जयपुर कॉट्योर शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस और सुपर मॉडल्स की रैम्पवॉक जीता दिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




फैशन डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन में कही फ्यूजन तो कभी प्राचीन पद्धति की झलक दिखाई। इन कलेक्शन को बॉलीवुड एक्ट्रेस ने रैंप पर उतारा और अपनी अदाएं बिखेरते हुए खूब तालियां बटोरी। नजारा था, फैशन उत्सव जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 के दूसरे दिन का। जिसमें 11 सिक्वेंस में डिजाइनर्स ने अपने ब्राइडल, समर, फ्यूजन, पार्टी और अन्य कलेक्शन शोकेस किए। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि दूसरे के दिन चीफ गेस्ट फर्स्ट इंडिया हेड जगदीश चंद्र रहे। वहीं महिला सुरक्षा मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता शर्मा, समाजसेवी उत्तम शर्मा, हाउस ऑफ पीपल से मिथुन, पेकेडली एग्रो से प्रभाकर तिवारी और विक्की गौड़ मौजूद रहे। दूसरे सीक्वेंस में शिव ज्वेलर्स से हूकुम सिंह कुंपावत ने अपनी नायाब ज्वैलरी का कलेक्शन कपड़ों के साथ शोकेस किया, तो उनके लिए शो स्टॉपर ईशा मालविया बनी। दूसरी ओर राधिका राज पुरोहित के लिए वरुणवी सिंह शो स्टॉपर रही और उनके खूबसूरत कलेक्शन को अपने अंदाज में शोकेस किया। सेजल छब्बानी के लिए कोमल वोरा शो स्टॉपर रहीं, जिन्होंने जयपुर-दिल्ली की मॉडल्स के साथ रैंप वॉक की। हाउस ऑफ अली से अली ने अपने पार्टनर के साथ कलेक्शन शोकेस किया और उनके लिए मॉडल मोना गौतम शो स्टॉपर रही। हेड मेन सेलोन से हेमंत और ज्योति ने अपने लेटेस्ट मेकअप कलेक्शन पेश किए, जिसकी शो स्टॉपर रिया सेन रही। डिजाइनर बनीता चौधरी ने अपने इंडो वेस्टर्न आउट फिट से सभी का ध्यान आकर्षित किया, बनीता चौधरी की शो स्टॉपर सोनी सिंह रही। युवा डिजाइनर मोहित सरावा ने अपने बॉलीवुड स्टाइल आउट फिट प्रजेंट किए जिसके शो स्टॉपर रिया सुलेदिया रही, जाने माने नेशनल किड्स शो ILFH के बच्चो ने भी रैंप पर अपना दम खम दिखा सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। राजदीप रानावत के लिए शो स्टॉपर एक्ट्रेस-मॉडल आकांक्षा भल्ला रही, जिन्होंने अपनी अदाओं से न केवल कलेक्शन को चार चांद लगाए दिए, बल्कि फैशन लवर्स का ध्यान आकर्षित किया।

# धार्मिक शिक्षण शिविर के समापन पर बच्चे व शिक्षक हुये सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति प्रताप नगर, सेक्टर -17 इकाई के बैनर तले श्री आदिनाथ जैन दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन पर 70 बच्चों व अध्यापकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल जैन बीएसएनएल ने बताया कि शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता उषा-सुरेंद्र कुमार जैन बड़जात्या जैना इडली डोसा वाले, प्रदीप जैन -कुसुम पांड्या ने दीप प्रज्जवलन किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता उषा-सुरेंद्र कुमार जैन बड़जात्या जैना इडली डोसा वाले,समाजश्रेष्ठी राजकुमार, जिनेन्द्र कुमार जैन ने शिविर में करीब 70 को पुरस्कार अध्यापक गणों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांड्या,अंचल अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अनिल जैन,महावीर जैन, डॉ अरविंद जैन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शकुंतला जैन,राजेश अजमेरा आदि मौजूद रहे। इस दौरान धार्मिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय चेयरमैन बनाने पर डॉ. बीसी जैन का सम्मान किया गया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, स्वस्तिक ग्रुप के द्वारा जीव दया धर्मार्थ कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, स्वस्तिक ग्रुप के द्वारा जीव दया धर्मार्थ कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्गापुरा जयपुर स्थित गौशाला में गायों को चारा, लड्डू एवं रोटी आदि का आहार दान किया गया।इसके पश्चात पक्षियों के लिए परिंडे वितरण का कार्यक्रम ग्रुप के जीव दया और धार्मिक मंत्री चेतन छाबड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। अमर चंद पाटनी कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि बहुत बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्यो ने भाग लिया। बाद में ग्रुप की तरफ से स्वादिष्ट नाश्ते के साथ प्रोग्राम समाप्त हुआ।




# महानगर ग्रुप 'मासिक गौ सेवा कार्य कार्यक्रम' सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा दुगार्पुरा गौशाला में 36वे सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चारा वितरण किया गया। आज के चारा वितरण कार्यक्रम में गायों को हरा चारा, तरबूज, रोटी आदि खिलाई गई। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि महानगर ग्रुप का गौ सेवा कार्यक्रम अनवरत रूप से पिछले 36 माह से चल रहा है ओर यह कार्यक्रम प्रतिमाह पुण्यार्जक के सहयोग से सामाजिक सहायता कार्यक्रम ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, सयोजक के माध्यम से किया जा रहा है। आज के गौ सेवा कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र जैन, राजीव जैन, दिपेश छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य विनीत जैन, श्रीमती अमिता जैन, महानगर ग्रुप सदस्य प्रशांत - रीना जैन, कमलेश - माया जैन, श्रीमती राजुल जैन, अशोक जैन आदि की उपस्थिति रही। आज के कार्यक्रम में जैन सौशल ग्रुप मेट्रो के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के, पुण्यार्जक कमलेश - माया जैन,वरिष्ठ सदस्य, महानगर ग्रुप रहे। अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने पुण्यार्जक परिवार का माला पहना कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया एवं सचिव सुनील गंगवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फर्स्ट ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट 2024 संपन्न


## पॉण्डिचेरी के बद्रीनाथ ने जीती विनर्स ट्राफी और 75,000 हजार रुपए का नगद पुरस्कार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर में चल रही फर्स्ट जयपुर ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चेस टूर्नामेंट का समापन हुआ जिसके चीफ गेस्ट बीजेपी के पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा एआईसीएफ के वाइस प्रेसिडेंट, अनिल कुमार रायजादा रहे। आयोजन सचिव जयेंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में पूरे देश के 27 स्टेट से 500 और राजस्थान के 265 पार्टिसिपेंट्स ने भाग लिया जिनमें 302 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी थे। हेल्थ एंड वेलनेस के सीईओ, हिम्मत सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट 6 साल के अंतराल के बाद अयोजित चेस टूर्नामेंट फूड फॉर नीडी एनजीओ द्वारा आयोजित और जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जयपुर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन; केयर हेल्थ इंश्योरेंस; नारायण हेल्थ; नीओ हॉस्पिटल के सहयोग और राजस्थान चेस एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया चैस फेडरेशन (एआईसीएफ) के तत्वावधान में किया गया है। चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान के प्रेजिडेंट, अमित गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट के परिणाम इस प्रकार रहे 8-8 अंक बनाए किंतु टाईब्रेक से स्थान निर्धारण में पुडुचेरी के एस बद्रीनाथ प्रथम, अर्पणदास द्वितीय और रामविलास तृतीय रहे। विजेताओं में राजस्थान के शेर सिंह, अरुण कटारिया, नारायण जोशी, दिव्यांशु बावेल, विक्रमादित्य मुखीजा, प्रणय चौरडिया, राज कपूर, हार्दिक शाह, गौरांश शर्मा, आयुष भोजक, सनी बेदी, अनुज चौमाल, अर्णव गुप्ता, भव्य गुप्ता, पवन सेन, महेंद्र सिंह उम्मट, लोकेश जांगिड़, छीतरमल, रिशेन जिलोवा, याशिका चौधरी और चैतन्य जैन। महाराष्ट्र की श्रुति काले ने सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी एवं मध्य प्रदेश के एस के राठौर ने सर्वश्रेष्ठ वैटरन खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। 5 लाख के पुरस्कार पूल के साथ कुल 66 नकद पुरस्कार और 20 ट्रॉफीज प्रदान की गई। चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान के मीडिया प्रभारी जिनेश कुमार जैन ने बताया कि राजस्थान के खिलाड़ियों और कोचों के लिए 7-9 जून तक जयपुर में एक अंतर्राष्ट्रीय मास्टर शतरंज प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी कर रहा है। कोलकाता से आईएम सुव्रजीत साहा हमारे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। राजस्थान के पूर्व विधायक कन्यालाल मीणा के कर कमलो से चेस पेरेंट्स एसोसिएशन के पदाधिकारीयो को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



# सेठ बन्जी लाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट द्वारा संचालित सेठ बन्जी लाल ठोलिया धर्मशाला के शताब्दी वर्ष समारोह पर नि:शुल्क आयुर्वेद एवं नेत्र चिकित्सा शिविर तथा परिण्डा वितरण आज सोमवार को




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सेठ बन्जीलाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट जयपुर द्वारा संचालित सेठ बंजीलाल ठोलिया धर्मशाला अपनी स्थापना के 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मौके पर चैरिटी ट्रस्ट की ओर से मानव सेवार्थ कार्य किये जाएंगे। ट्रस्ट के प्रदीप ठोलिया एवं सुदीप ठोलिया ने बताया कि इस मौके पर आयोजित समारोह में निःशुल्क आयुर्वेद व नेत्र चिकित्सा शिविर एवं परिण्डा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जौहरी बाजार के घी वालों का रास्ता स्थित सेठ बंजीलाल ठोलिया धर्मशाला में सोमवार 3 जून को प्रातः 9 बजे से 11:15 बजे तक आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग, आंखों की जांच, लैंस प्रत्यारोपण, अन्य रोगों का ईलाज, दवा वितरण इत्यादि किये जाएंगे। इस मौके पर बेजुबान पक्षियों के लिए पानी भरने हेतु परिण्डों का वितरण भी किया जाएगा। **-विनोद जैन कोटखावदा**

# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (चैतन्य विहार) जयपुर के चुनाव सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गोपालपुरा बाईपास रोड जयपुर 10 बी स्कीम स्थित भगवान महावीर जन कल्याण समिति एवं अधीनस्थ संस्था श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (चैतन्य विहार) जयपुर के द्विवार्षिक चुनाव दिनांक 2-6-2024 को निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी एम.के.जैन ने बताया कि 11 सदस्य कार्यकारिणी में अध्यक्ष निहालचंद जैन एडवोकेट, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र काला, मंत्री जितेंद्र कुमार जैन, संयुक्त मंत्री जीवन कुमार जैन,कोषाध्यक्ष रोशन लाल जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य अजीत बंसल,निखिल बैद, नरेश पाटनी, राजेश पांडेय,नीरज अजमेरा, महेंद्र बोहरा चुने गए इस प्रक्रिया में समाज के गणमान्य समन्वयक इंद्र कुमार जैन मार्गदर्शक डॉ.कमलेश कासलीवाल, राजेश कासलीवाल आदि कई समाज श्रेष्ठिजन उपस्थित रहे सभी ने नई निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाइयां दी।



## वेद ज्ञान

# शरीर और मन को साधें...

आज समस्त विश्व में अशांति और हाहाकार मचा है। ज्यादातर लोग अस्वाभाविक और कुंठाग्रस्त जीवन जी रहे हैं। प्रश्न यह उठता है कि ऐसे में क्या कुछ किया जाए, ताकि मनुष्य का अस्तित्व कायम रह सके। यह एक गहन चिंतन का विषय है। यदि व्यक्ति जीवन में योग को अपना ले और इसे भलीभांति जान ले तो शायद हम सभी समस्त विश्व को एकता के सूत्र में बांध पाने में समर्थ हो सकेंगे। सदियों से योग विद्या भारत की अमूल्य धरोहर रही है। वस्तुतः योग एक संयमपूर्वक की जाने वाली साधना है। जो स्वचेतना को परम चेतना से मिलाती है। महर्षि पतंजलि ने कहा है कि चित्त की वृत्तियों को जब हम अंतमुर्खी करते हैं, उतना ही सत्य का प्रकाश हमारे जीवन में बढ़ता है। अज्ञान, अंधकार, असत्य सब कुछ मिलकर ज्ञान, प्रकाश और सत्य में परावर्तित होता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करते हुए अपने शरीर और मन को साधें। स्वभाव से ही शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के चार मुख्य मार्गों ध्यान योग, भक्ति योग, कर्मयोग और ज्ञानयोग का उल्लेख किया है। योग में यम-नियम के साथ-साथ मुख्य रूप से आहार की शुद्धि को महत्व दिया गया है। आहार से मन शुद्ध होता है, मन की शुद्धि से स्मृति स्थिर होती है। यदि स्मृति स्थिर हुई तो समझें कि हम मोक्ष की तरफ अग्रसर हैं, लेकिन अफसोस हम अपना सारा जीवन दौड़ने-धूपने में व्यर्थ कर देते हैं। परमात्मा के दिए हुए इस मानव शरीर को हम कौड़ियों के भाव इस्तेमाल करते हैं। इसकी सार्थकता की तरफ हमारा ध्यान शायद ही जाता है। जीवनपर्यंत परिधि का चक्कर लगाते रहते हैं और केंद्र की तरफ आने का प्रयास भी नहीं करते हैं। आत्मस्थ होने के लिए हमें महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग का पालन करना होगा। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान को माध्यम बनाकर ही हम समाधिस्थ हो सकते हैं। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को सदैव सजग करते हुए कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति योगियों के साथ योगी और भोगियों के साथ भोगी बन जाता है। भोग भोगने से तृप्ति कदापि नहीं होती है, बल्कि कामनाएं बलवती होती जाती हैं। ठीक वैसे ही जैसे घृत डालने से अग्नि तेज होती है।

## संपादकीय

# इजरायल को कमजोर पड़ता समर्थन

सात महीने पहले शुरू हुई इजरायल-हमास जंग अब गतिरोध के स्तर पर पहुंच गई है। वैसे तो दोनों में से कोई भी पक्ष अपने उद्देश्य के करीब भी नहीं पहुंचा है, लेकिन इजरायल की विफलताएं उसके पास मौजूद असंगत सैन्य शक्ति की वजह से काफी बढ़ गई हैं। इजरायली सेना ने गाजा को मलबे में तब्दील कर दिया है, फिर भी न तो वे हमास को खत्म करने के करीब हैं और न ही, हमास द्वारा अक्टूबर 2023 में अचानक हमला कर



बंधक बनाए गए इजरायली नागरिकों को छुड़ा पाए हैं। अमेरिका और यूरोप से आपूर्ति होने वाले अत्याधुनिक हथियारों से गाजा पर हमला करने के बावजूद 129 इजरायली नागरिक बंधक बने हुए हैं और काफी हद तक हमास नेतृत्व को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हाल ही में रफा से इजरायल में दागे गए रॉकेटों से पता चलता है कि हमास अपनी पीठ पर ईरान का हाथ होने की वजह से मजबूत जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता रखता है। इस तरह इजरायल एक विषम गुरिल्ला युद्ध में फंस गया है। साल 2020 के अब्राहम समझौते (अमेरिका, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के बीच) के आधार पर एक पश्चिम एशियाई गठबंधन बनाने की अमेरिका की उम्मीदें विफल हो गई हैं क्योंकि फिलिस्तीनियों के साथ इजरायल के व्यवहार के खिलाफ अरब जगत में असंतोष की आवाज ने अरब शक्तियों को पीछे हटने के लिए मजबूर किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब इजरायल के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन तेजी से कमजोर पड़ रहा है। हमास के हमले पर, जिसमें बच्चों सहित 1,200 लोग मारे गए थे और 252 लोग बंधक बनाए गए, करीब पूरी दुनिया की सहानुभूति हासिल कर चुका इजरायल अब गाजा में आक्रामक रुख अपना चुका है। खबरों के मुताबिक इसकी वजह से 36,000 से ज्यादा आम फिलिस्तीनी लोग मारे जा चुके हैं (जिनमें करीब 15,000 बच्चे थे) और 80,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसे लेकर काफी आक्रोश है। रफा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई की लगभग पूरी दुनिया में आलोचना हुई है, खासकर उस हमले के बाद जिसमें विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए बनी एक टेंट सिटी जलकर तबाह हो गई। इस महीने की शुरूआत में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर फिलिस्तीन के संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने के प्रस्ताव को सही ठहराया और सिफारिश की कि सुरक्षा परिषद इस पर अनुकूल तरीके से विचार करे। इस प्रस्ताव के पक्ष में 143 (भारत सहित), विपक्ष में 9 वोट पड़े और 25 सदस्य देश अनुपस्थित रहे। इसके बाद नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दे दी। पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास नेता याह्या सिनवार, दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की थी।

## परिदृश्य

# कैंसर के दायरे में युवा

विडंबना है कि कुछ दशक पहले तक कैंसर के मामले इक्का-दुक्का सुनने में आते थे, आज अक्सर लोगों को अपने संपर्क के ही किसी व्यक्ति के कैंसर से पीड़ित होने या उसकी मौत की खबर सुननी पड़ती है। यह गंभीर चिंता की बात है कि देश के युवाओं की एक बड़ी संख्या कैंसर जैसे रोग की चपेट में आ रही है। यह स्थिति तब है जब पिछले कुछ दशक के दौरान आय के स्तर से लेकर खानपान और रहन-सहन आदि के मामले में ज्यादातर लोगों के बीच गुणात्मक सुधार देखा गया है। मगर इसके समांतर यह भी सच है कि इसी बीच सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ एक बड़ी आबादी खाने-पीने की चीजों और जीवनशैली को लेकर लापरवाह भी हुई है। इसका नतीजा यह है कि सामान्य से लेकर कुछ जटिल बीमारियां भी चुपके से लोगों के बीच अपने पांव फैला रही हैं। कैंसर भी उन्हीं घातक रोगों में से एक है। हाल में आई एक रपट में बताया गया है कि कैंसर रोगियों में से बीस फीसद की उम्र चालीस वर्ष से कम थी। इससे पता चलता है कि देश की युवा आबादी के बीच कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। कहा जा सकता है कि इस तरह के अध्ययन से कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और देश को कैंसर मुक्त बनाने में सहायता मिल सकती है। मगर इससे यह भी साफ है कि कई वजहों से युवा इस रोग की जद में आ रहे हैं। फिलहाल इसकी चपेट में आए युवाओं में सिर और गर्दन के कैंसर के लक्षण पाए जा रहे हैं, मगर इस रोग की जैसी प्रकृति रही है, उसे देखते हुए इसके विस्तार से उपजे खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बीमारी के इलाज के मामले में अब तक जो सीमित उपाय हैं, उसमें इसे जीवनशैली में सुधार, टीकाकरण और समय पर जांच से रोका जा सकता है, मगर अफसोस की बात है कि ज्यादातर मामलों में चूंकि लोगों को पता नहीं चल पाता और इसी वजह से जांच में देरी होती है, इसलिए इसके शरीर में जानलेवा स्तर तक फैलने का खतरा पैदा हो जाता है। विडंबना है कि कुछ दशक पहले तक कैंसर के मामले इक्का-दुक्का सुनने में आते थे, आज अक्सर लोगों को अपने संपर्क के ही किसी व्यक्ति के कैंसर से पीड़ित होने या उसकी मौत की खबर सुननी पड़ती है।



# सन टू ह्यूमन फाउंडेशन द्वारा 6 द्विवसीय नया दृष्टिकोण वाला योग शिविर संपन्न

## दाएं ब्रेन को विकसित करने से होगा दिव्य दृष्टी का विकास, आशातीत लाभ पाने के लिए करना होगा निरंतर प्रयास




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं अल्टरनेटिव थेरेपी विशेषज्ञ ओम प्रकाश ने बताया कि नया दृष्टिकोण वाला 6 द्विवसीय शिविर श्री भवानी निकेतन, सीकर रोड जयपुर में सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के तत्वाधान 2 जून 2024 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम आलय एवं मुख्य प्रशिक्षक गार्गी माँ सेजवानी जिला धार मध्य प्रदेश से कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें प्रत्येक दिन भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों के आये 15000 से ज्यादा लोगों द्वारा भाग लिया। परम आलय ने कहा कि बढ़ती सुविधाओं एवं विकास के कारण अहंकार, काम क्रोध,लोभ, मोह बढ़ रहा है अतः इससे मनुष्य के जीवन में अशांति बढ़ती जा रही है। आज का युवा लक्ष्य से भटककर अपनी शक्तियों का दुरूपयोग कर जीवन बर्बाद कर रहा है। माता पिता भी अपने बच्चो को सही दिशा नहीं दिखा पा रहे है बस पैसे, जमीन जायदाद, महँगी गाड़ी एवं अन्य सुख सुविधाओं के पीछे भागते जा रहे है और बच्चो को भी इनके पीछे धकेल रहे है। स्वयं को जानकर एवं विकसित कर के ही अपने बच्चो एवं समाज को सही दिशा दी जा सकती है। उन्होंने अद्रश्य शक्तियों को जगाने के लिए विभिन्न नियमो,सूत्रों एवं प्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। बायाँ ब्रेन दूर दृष्टी को बढ़ाता है जबकि दायाँ ब्रेन दिव्य दृष्टी को बढ़ाता है। तामसिक प्रकृति होने के कारण मूली, गाजर, लाल मिर्च, भिन्डी बैगन, ज्वार, दूध, प्रोसेस्ड एवं डिब्बाबंद एवं बासी खाध पदार्थों आदि का सेवन न करने की सलाह देते हुए कहा की इनके लेने से चेतना के विस्तार में रुकावट आती है अतः इनके इस्तेमाल से बचना चाहिए और सात्विक भोजन को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। हर रोज सोने से पूर्व अपने बिस्तर को सातो अंगो से प्रणाम करना चाहिए तथा सुबह उठकर भी नमन करकर बिस्तर एवं तकिया की तहों को ठीक कर देना चाहिए। नियमित तौर पर नाभी झटका प्रयोग एवं मुह को बंदकर आँखों से नाक को बिना पलक झपकाए निहारना चाहिए। यदि शाम को खाने के डेढ़ घंटे बाद सीधे हाथ की हथेलियों को बाएं फेफड़ों एवं कंधो के पास रखकर उलटे हाथ के हथेलियों को दाएँ फेफड़ों एवं कन्धों के पास रखकर 7 मिनट उल्टा घुमा जाए तो इससे शरीर के सभी अंग मजबूत होते है और गहरी नींद आती है। शिविर में विभिन्न लोगो द्वारा हाई ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, अनिद्रा, डायबिटीज, मोटापा, माइग्रेन, थायराइड, अर्थरइटिस, कब्ज, एसिडिटी, कमजोरी, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, पिंडलियों का दर्द, एड़ी का दर्द, फेफड़ों एवं हृदय सम्बंधित विभिन्न अन्य समस्याओं में प्राप्त हुए लाभों के अनुभवों बारे में बताया. इसके अलावा गलत आदतों जैसे चाय, काफी, शराब, मांस का सेवन, फास्ट फूड, देर रात तक जगना और सुबह देर से उठना के छुटकारे के साथ, अद्रश्य शक्तियों वाले नास्ते एवं सात्विक भोजन को अपनाने से शरीर, मन, बुद्धि एवं चेतना के स्तर में हुए आमूलचूल आये परिवर्तनों के बारे में भी अपने अपने अनुभवों को साझा किया। शिविर में आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक ऊर्जाओं का संचार योग, प्राणायाम, व्यायाम, ध्यान, म्यूजिक, लार के श्राव की अनुभूति, नृत्य, पञ्च तत्वों का संतुलन, स्पर्श चिकित्सा, मैग्नेटिक उर्जा, सुजोक, एक्यूप्रेशर, डाइट आदि के अद्भुत संगम के माध्यम से किया गया. लोगो द्वारा मस्ती में झूमते हुए सुख, आनंद और ऊर्जाओं को महसूस किया। माँ गार्गी द्वारा विभिन्न अनुभूत प्रयोगों के विज्ञान के बारे में पहले विस्तार से बताया गया फिर उनका प्रैक्टिकल करवाया गया। इन प्रयोगों को करने एवं खानपान में आवश्यक परिवर्तन से विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ में आराम मिलता है तथा इनके लगातार करने से सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक रोगों से छुटकारा भी मिल सकता है। शरीर, मन, बुद्धि एवं चेतना की शक्तियों को जगाने के लिए साधना के सतत धारा है जरुरी। पूर्ण स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए भोजन करने से पूर्व उसकी प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए। सुबह स्नान कर घर के सभी सदस्यों को मुस्कराकर प्रणाम एवं चन्दन केसर से टीका अवश्य किया जाना चाहिए। शिविर के अंत में प्रत्येक दिन सभी लोगो के लिए अद्रश्य शक्तियों वाला ब्रेकफास्ट का आयोजन किया गया जिसमे फलों में केला, सेब, लीची, मौसंबी गन्ना, नारियल सब्जियों में करेला चटनी, लौकी, आँवला सीड्स एवं सूखे मेवे में बादाम, अखरोट, सौफ, मेथी, अलसी, तिल चटनी, सूरजमुखी के बीज तथा पतली छाज, एनर्जी टी एवं गुड पानी को शामिल किया गया था। इस नास्ते को बनाने की जानकारी युटयूब चैनल स्वमिलन साधना के माध्यम से सीधे प्राप्त की जा सकती है तथा विद्याधर नगर स्थित मुख्य केंद्र के माध्यम से भी नास्ता, लंच एवं डिनर बनाने की निशुल्क जानकारी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के आयोजन में अन्य लोगो, प्राइवेट एवं सरकारी संस्थाओं तथा स्वयं सेवी संगठनों के साथ साथ परम आनंद, अम्बरीष,नरेंद्र वैद, आई. सी. अग्रवाल, विवेक लड्ढा, राजेश नागौरी, प्रमोद मालपानी, कमल सोमानी, आलोक तिजारिया, नारायण अग्रवाल, राजेंदर अग्रवाल, माँ सिमरन आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा जून 2025 इसी तरह के शिविर को जयपुर में आयोजन करने के लिए विभिन्न गणमान्य लोगो ने सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। जो लोग किसी कारण इस शिविर में भाग नहीं ले पाए वे जयपुर में सुबह निशुल्क चलाये जा रहे 21 केन्द्रों से संपर्क कर आवश्यक ज्ञान प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा पुरे भारत के अन्य शहरों में हों वाले आगामी 6 दिन के शिवरों में रजिस्ट्रेशन करा कर भाग ले सकते है। जो लोग विस्तृत रूप से इस सम्बन्ध में समझना एवं कदम बढ़ाना चाहते है वे सेजवानी जिला धार इंदौर के पास मध्य प्रदेश में वर्ष में विभिन्न अवसरों पर आयोजित किये जाने वाले आवासीय शिविर में एडवांस में अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर भी जा सकते है।

# आचार्य शशांक सागर जी के सानिध्य में 8 दिवसीय वृहत चरित्र शुद्धि व्रत विधान पूजन संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन मंदिर जनकपुरी ज्योति नगर, जयपुर में आचार्य शशांक सागर जी के सानिध्य में प्रथम बार 8 दिवसीय वृहत चरित्र शुद्धि व्रत विधान पूजन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ज्ञान चंद जैन और प्रदीप चांदवाड सहित श्रद्धालुओं ने विश्व शांति महायज्ञ कर विश्व शांति की कामना की। इस 8 दिवसीय विधान पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से आचार्य जी के निर्देशानुसार सभी धार्मिक अनुष्ठानों का पालन किया और इस अद्वितीय अवसर का लाभ उठाया।



आयोजन का समापन आज हवन से हुआ। सभी ने आचार्य जी के सानिध्य में एकता और शांति की कामना की। इस पावन अवसर पर आचार्य शशांक सागर जी ने इस विधान का महत्व समझाया और श्रद्धालुओं को धर्म और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वृहत चरित्र शुद्धि व्रत विधान पूजन के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत शुद्धि होती है, बल्कि समाज और विश्व में भी शांति और समृद्धि का संचार होता है। जयपुर में इस धार्मिक आयोजन ने जनकपुरी ज्योति नगर क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का माहौल बनाया। सभी श्रद्धालुओं ने इस अवसर को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए इसमें भाग लिया और इसे सफल बनाया।

# मुरैना जेसीआई के समर कैंप का समापन

## प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार, प्रमाणपत्र



मनोज जैन नायक.शाबाश इंडिया

**मुरैना।** जेसीआई मुरैना जाग्रति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप बीती शाम संपन्न हो गया। पिछले 15 दिन में प्रतिभागियों ने जो सीखा, आखिरी दिन उसका प्रदर्शन किया। परफॉर्मेंस के आधार पर जेसीआई ने उन्हें अवार्ड और सर्टिफिकेट प्रदान किए। जेसीआई मुरैना जागृति द्वारा जीवाजी गज में 17 मई से 1 जून तक आयोजित समर कैंप में बच्चों और महिलाओं को डांस का प्रशिक्षण दीपक तथा मेहंदी और ड्राइंग का प्रशिक्षण गौरी शर्मा और मुस्कान द्वारा दिया गया। 1 जून को समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर बच्चों के लिए डांस कम्पटीशन, मेंहदी तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने पूरी तैयारी व उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा




का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने परफॉर्मेंस के आधार पर मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या गुप्ता, द्वितीय प्रियंका वर्मा तथा तृतीय स्थान दीप्ति को दिया। वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दृष्टि मित्तल, द्वितीय स्थान पर अंशिका शाक्य तथा तृतीय स्थान पर अनय शर्मा रहे। डांस प्रतियोगिता में अंश गोयल प्रथम, काव्या द्वितीय तथा चांदनी तृतीय स्थान पर रहीं। डांस प्रतियोगिता में गोपी रजक, अंशिका शाक्य, अदविक सिंघल, प्रियंका, भूमि सिंघल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि नीतेश गर्ग द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावा कैंप में शामिल हुए सभी बच्चों को प्रमाणपत्र, गिफ्ट और चॉकलेट प्रदान किए गए। कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण देने वाले दीपक, गौरी शर्मा और मुस्कान को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अन्त में जेसीआई मुरैना जागृति की वर्तमान प्रेसिडेंट जेसी लता गोयल ने ट्रेनर्स, अतिथि और जेसीआई सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि जेसीआई मुरैना जागृति मुरैना में बच्चियों की प्रतिभा निखारने के लिए इस तरह के प्रयास हमेशा करती रहेगी। इसके बाद सभी ने मिलकर अन्नकूट ग्रहण किया। जेसीआई मुरैना जागृति की सचिव जेसी कंचन चावला ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में फाउंडर प्रेसिडेंट जेसी भावना जैन, सचिव कंचन चावला, कोषाध्यक्ष जेसी अंजना गर्ग, आईपीपी जेसी ज्योती मोदी, पास्ट प्रेसिडेंट जेसी भारती मोदी, जेसी मधु सिंघल तथा अन्य सदस्यों में जेसी हेमलता मोदी, श्वेता अग्रवाल, सीमा मित्तल, ममता गुप्ता, रश्मी सिंह, नीतू भारद्वाज, निधि गुप्ता बीनू अग्रवाल, सपना बंसल, सरिता गर्ग, नेहा गर्ग, अनीता गर्ग उपस्थित रहीं।


# सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर का समापन



मनोज सोनी. शाबाश इंडिया

निम्बाहेड़ा। यहाँ रविवार को दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान मे आयोजित आठ दिवसीय सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर समापन पर प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के विद्वत पं. रविंद्र जैन शास्त्री एवं विद्वत पं. सौरभ जैन शास्त्री की उपस्थिति मे विगत 26 से 2 जून तक आठ दिवसीय सम्यक ज्ञान शिविर का आयोजन आदर्श कॉलोनी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय मे किया गया जिसमे प्रतिदिन अभिषेक शांतिधारा पूजन आदि धार्मिक क्रियाए संपन्न कराई गई। शिविर मे प्रातः 9 से 10 बजे तक छोटे बच्चे एवं बड़े लोगों की धर्म की कक्षाओ का आयोजन कर छह ढाला के साथ विविध विषयो को समझा कर पढ़ाया गया। इसी तरह शाम 7:45 से 9:00 बजे तक छोटे बच्चे एवं बड़े लोगों की धर्म की कक्षा एवं प्रश्न मंच का आयोजन कर धर्म संबंधित विवेचना के साथ शंकाओ का समाधान किया गया। आठ दिवसीय शिक्षण शिविर मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ ने उपस्थित होकर ज्ञान अर्जित किया। शनिवार रात्रि को सभी शिविरर्थियों की परीक्षा ली गई। रविवार को समाज अध्यक्ष सुशील काला की अध्यक्षता मे शिविर का समापन हुआ जिसमे शिविर मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान कर उन्हे पुरस्कृत किया गया। शिविर मे समाज के इंदू बाला सोनी, प्रवीणा अग्रवाल, शशि जैन, सुमति लाल पटवारी, रत्नप्रभा जैन, कमलेश कोठारी आदि का सक्रिय सहयोग रहा। समापन पर विद्वत पंडितो का समाज की ओर से सम्मान किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे समाजजनों की उपस्थिति रही।

# कवि हरीश शर्मा व हास्य कवि प्रमोद झुरिया को कवि कृष्ण कान्त शर्मा ''बटोही'' ने अपनी लिखित पुस्तक 'क्यूं ढूंढू मैं मंदिर मस्जिद की' भेंट



**लक्ष्मणगढ़, सीकर. शाबाश इंडिया।** कस्बे में रविवार को रामगढ़ निवासी व जयपुर प्रवासी युवा कवि कृष्ण कान्त शर्मा 'बटोही' ने अपनी लिखित पुस्तक ''क्यूं ढूंढू मैं मंदिर मस्जिद की'' की प्रति बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के संस्थापक, अध्यक्ष कवि हरीश शर्मा व हास्य कवि प्रमोद कुमार झुरिया को भेंट की। इस अवसर पर कवि शर्मा व हास्य कवि झुरिया ने युवा कवि 'बटोही' की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। कवि हरीश शर्मा ने कहा कि युवा देश की धड़कन है। युवाओं द्वारा किये जा रहे प्रयास आने वाले समय में एक नई मिशाल पेश करने का कार्य करेंगे।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर समापन समारोह में श्री दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर को सर्व श्रेष्ठ उद्घाटन जलूस का पुरस्कार मिला

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ग्रीष्म कालीन श्रमण संस्कार शिक्षण शिविरों का भव्य सामूहिक समापन समारोह शनिवार 01 जून को स्थानीय बिड़ला ऑडिटोरियम स्टेच्यू सर्किल में आयोजित हुआ। गायत्री नगर शिविर मुख्य संयोजिका मंजू जैन सेवावाली ने अवगत कराया कि समापन समारोह में गायत्री नगर,महारानी फार्म स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में लगे संस्कार शिक्षण शिविर को सर्व श्रेष्ठ उद्घाटन जलूस का पुरस्कार मिला,तथा शिविर के बालबोध भाग द्वितीय के छात्र अध्यान्श जैन पुत्र श्री सौरभ जैन महारानी फार्म को रत्नाकर पुरस्कार मिला। समापन समारोह में शिविर के विभिन्न कक्षाओं में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय आने वालों को पुरुस्कृत कर प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। गायत्री नगर,महारानी फार्म जैन मंदिर के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा,मंत्री राजेश बोहरा को, शिविर संयोजक मंन्जु जैन सेवावाले,अरुण शाह, सुनीता काला,अनीता बड़जात्या,व शिक्षकायें प्रमिला जैन, किरण बिल्टीवाला, विमला जैन, पिंकी पाटनी को भी सम्मानित कर मोमेंटो भेंट किए गए। भव्य समापन समारोह में जयपुर स्थित 46 मंदिरों के अध्यक्ष,मंत्री,शिविर संयोजक, श्रमण संस्कृति संस्थान की विदुषी दीदीया,स्थानीय शिक्षकाये,समाज के गणमान्य अथिति उपस्थित थे। जैन समाज के भामाशाह अशोक सुशीला जी पाटनी, ममता सोगानी (जापान वाले,), तरुण काला मुम्बई, एस के जैन, नंदकिशोर प्रमोद पहाड़िया, दर्शन जैन मंन्जु शर्मा जयपुर लोक सभा भाजपा प्रत्याशी की गरिमामयी उपस्थित थी। इस अवसर पर 46 मंदिरों के प्रथम द्वितीय, तृतीय छात्र-छात्राओं, एवं विभिन्न विषयों में रत्नाकर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं श्रेष्ठ सम्मान प्राप्त कताओं को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन , धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम बिलाला, ज्ञान चन्द झांझरी आदि पदाधिकारियों ने बधाइयां प्रेषित की। मंच संचालन डॉक्टर वंदना जैन एवं शालिनी बाकलीवाल ने किया।



# गुरु उपकार महोत्सव के ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन समारोह आयोजित

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया में गुरु उपकार महोत्सव के ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। प्रांत सबसे पहले अभिषेक व शांति धारा हुई श्रीजी के रजत कलशों से शांति धारा करने का शोभग्य पारसमल मनोज पाटोदी, दिनेश विशाल जैन, पवन कुमार अतुल पाटनी, वीर कुमार कमल कुमार राँवका को प्राप्त हुआ। इसके बाद आचार्य विद्या सागर जी अष्ट द्रव्यों से महाराज की पूजन की गई। श्रमण संस्कृति सांगानेर के विद्वान अंकित शास्त्री,भगवा के विद्वान रूपाश जी शास्त्री आचार्य विद्या सागर महाराज जी की रचित मूकमाटी का मंथन किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर का मंच संचालन कमल राँवका ने किया। सांगानेर श्रमण संस्कृति के प्राचार्य श्री अरुण कुमार जी शास्त्री ग्रीष्म कालीन शिविर में 27 मई से 2 जून तक उपस्थित थे। आज के प्रश्नोत्तरी व समापन समारोह के प्रायोजक राजकुमार -चन्दा, यशोधर पहाड़िया परिवार था। श्री दिगम्बर जैन समाज ने राजकुमार-चन्दा पहाड़िया का साफा माला व तिलक लगा शॉल पहनाकर बहुमान स्वागत किया गया। प्राचार्य श्री अरुण कुमार जी शास्त्री, अंकित जी शास्त्री, रूपाश जी शास्त्री का माला साफा व तिलक लगा कर सम्मान किया गया। आज इस कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला सचिव दिनेश अजमेरा विजय फागीवाला विकल जैन कासलीवाल अमित गोधा शाशि कांत गदिया संदीप पाटनी अतुल पाटनी संजय राँवका, संजय गंगवाल वीरेन्द्र गोधा पवन बड़जात्या कमल राँवका ,रमेश जैन मनोज सोगानी अशोक बाकलीवाल, मनीष सोनी चंद्र प्रकाश जैन वीरकुमार रावका राजेश राँवका सुशील बड़जात्या जितेंद्र जैन धीरज कासलीवाल मनोज पाटोदी उदित बाकलीवाल,सुमित पहाड़िया, श्रीपाल अजमेरा अरुण जी शास्त्री टीकम छाबडा व सकल दिगम्बर जैन समाज के महिला व पुरुष सदस्य उपस्थित थे । दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।





# जैन मंदिर में 16 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं ने की भगवान की पूजा अर्चना



## भविष्य में धर्म और संस्कृति को जीवंत रखेंगे पाठशाला के संस्कार: राजुल जैन

**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को 03 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के जैन समाज के बालक बालिकाओं को जैन तीर्थंकरों की पूजन विधि की जानकारी दी गयी।इस जानकारी के तहत भगवान की पूजा कैसे की जाती है? पूजन में कितने द्रव्य सम्मिलित होते हैं? उसमे किन बातों का ध्यान रखा जाता है जैसी बातें शामिल थी। इस मौके पर छोटे बच्चों से स्वयं पूजा करवाकर उन्हें वास्तविक पूजा विधि सिखाई गयी। बच्चों की प्रशिक्षक कुमारी राजुल जैन ने बताया की हर रविवार को सुबह 07 बजे से 10 बजे तक छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों तक के लिए जैन धार्मिक शिक्षण क्लास का आयोजन किया जाता है जिसमे बच्चों को जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा,पद्धति, 24 तीर्थंकरों का परिचय, जैन धर्म के मूल सिद्धांत -अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो, श्रावक के कर्तव्य आदि की शिक्षा दी जाती है, जिससे बच्चे भविष्य में बेहतर नागरिक बने और जैन धर्म के सत्य और अहिंसा के पथ पर आगे बढ़ते हुए देश की सेवा करें। राजुल जैन ने बताया कि धार्मिक शिक्षण पाठशाला को सुचारु रूप से एवं नियमित चलाने में व्यवस्थापक के रूप में विन्रम एकेडमी की प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहता है। साथ ही बच्चों को मोटिवेट करने के उद्देश्य से उनके अल्पाहार एवं पुरस्कार के पुण्यार्जन में जैन समाज अम्बाह के पुण्यशाली परिवार एवं सदस्यों का सहयोग मिल रहा आयोजन में बोलते हुए पवन जैन छोटू ने कहा कि विन्रम एकेडमी अम्बाह के बच्चों को जो संस्कार समाज की बहनों द्वारा दिए जा रहे हैं, वह एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय प्रयास है।जो बहनें इन अबोध बालक-बालिकाओं को इतनी कम उम्र में पूजन सिखाकर एवं जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा नैतिक सहित धार्मिक संस्कार देकर उनका जीवन तो उन्नत कर ही रही हैं। साथ ही आज जो बड़े-बड़े विशाल मंदिर बन रहे हैं, तीर्थक्षेत्र निर्मित हो रहे हैं। उनमें भविष्य में पूजन, प्रक्षाल, उनकी सुरक्षा आदि करने वाले साधर्मियों को भी तैयार कर रही हैं। इन पाठशालाओं के माध्यम से धर्म-संस्कृति तो सुरक्षित होगी ही साथ ही इनमें शामिल होने वाले बच्चो का मोक्षमार्ग भी प्रशस्त होगा कार्यक्रम के दौरान विन्रम एकेडमी के बच्चों ने विशेष रविवारीय पूजन भी किया।

# सामूहिक पूजन एवं संस्कार शिविर 8 जून से



**नौगामा. शाबाश इंडिया**

प्रति रविवार की भांति इस रविवार को भी जैन पाठशाला के छात्रों ने प्रातः वागड़ के बड़े बाबा आदिनाथ नेमिनाथ की अभिषेक शांति धारा का लाभ लिया एवं बड़े भक्ति भाव से वाद्य यंत्रों की मधुर स्वर लहरों के साथ पूजन की इस अवसर पर जैन पाठशाला की शिक्षिका कुसुम लता नानावटी ने बताया कि हमारे जैन पाठशाला में लगभग 100 बच्चे प्रतिदिन जैन पाठशाला में पढ़ने आते हैं एवं प्रत्येक रविवार को सामूहिक रूप से आदिनाथ मंदिर सुखोदय तीर्थ नसिया जी 1008 भगवान महावीर समवशरण मंदिर जी में पूजन हेतु जाते हैं एवं सभी छात्रों को गांव के भामाशाहों द्वारा अल्पाहार एवं पुरस्कार दिए जाते हैं आजका पुरस्कार गांधी मनीष कुमार सुरेश चंद्र द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रवण संस्कृति संस्थान जयपुर सांगानेर की ओर से संस्कार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है वागड़ प्रांत के लगभग 27 गांव में संस्कार शिविर दिनांक 8 जून से 18 जून तक रहेंगे सांगानेर संस्थान जयपुर से विभिन्न विद्वान प्रत्येक गांव में जाकर इन बच्चों बाल बौध भक्तांबर इसटौ उपदेश ग्रंथ का अध्ययन कराएंगे। इस अवसर पर अंकेश शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक गांव में दो-दो विद्वान इन 10 दिनों में संस्कारवान बने एवं धार्मिक शिक्षण के बारे में अध्ययन कराएंगे शिविर समापन का कार्यक्रम 18 जून को घाटोल नगर में होगा आज के सामूहिक पूजन में वीणा पंचोली आशा पंचोली प्रीति पंचोली रिया पंचोरी सुषमा पंचोली ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# अभिषेक, शांतिधारा भक्तामर की दीपांजलि से हुआ कार्यकम का भव्य शुभारंभ

## पालकी में श्रीजी के साथ शोभायात्रा आज



**टोंक. शाबाश इंडिया।** शहर के मध्य बड़ा तख्ता जैन मंदिर में श्री शांतिनाथ भगवान के त्रयकल्याण महोत्सव में शनिवार को प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजा अर्चना की गई। सायंकालीन की बेला में शास्त्र सभा का कार्यक्रम हुआ उसके बाद णमोकार मंत्र का पाठ का पाठन फिर भक्तामर के 48 काव्य द्वारा 48 महाऋद्धियों के मत्रौ से भगवान के सामने 48 दीपक प्रज्वलित किए गए ।कार्यक्रम में पंडित प्रमोद जी शास्त्री, पंडित राजीव शास्त्री, अध्यक्ष भागचंद फुलेता , नरेश बंसल, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पारस सराफ, वीरेंद्र संघी, कमल आंडरा, धर्मेंद्र पासरोटियां, सुनील सराफ, विनोद सराफ, रमेश काला, पूरण छाबड़ा आदि ने मिलकर कार्यक्रम की शुरूआत की। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि रविवार को इस अवसर शुभ उपलक्ष में अभिषेक शांतिधारा की क्रिया संपन्न करने के पश्चात सायकाल को 7:30 बजे छात्र सभा एवं 8:00 बजे आचार्य श्री 108 धर्म सागर पाठशाला टोंक के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उपस्थित रही।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भाजपा संगठन व जवाहर फाउंडेशन ने वितरित किया मिल्क रोज



## अलवर गेट पर आमजन को मिली राहत

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर व जवाहर फाउंडेशन ने मिल्क रोज शीतल पेयजल वितरित की जिससे आस पास के राहगीरों को लगभग 4000 जन हुए लाभान्वित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान परिस्थितियों में भीषण गर्मी के दौर में आमजन व बेजुबान पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बाग बगीचा एवं उचित स्थान पर परिंडे बांधने,राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर स्थाई व स्थाई प्याऊ लगाना, अस्पतालों में सेवा कार्य, शीत पेयजल की व्यवस्था जैसे अनेको कार्यों के माध्यम से सेवा कार्य किए जाने चाहिए इस हेतु शहर के सभी जानो को आगे आना चाहिए, चाहे कोई सामाजिक, राजनीतिक या व्यापारिक संस्थाएं हो, इसका धार्मिक लाभ भी मिलता है। अध्यक्षता भाजपा नेता लाल बन्ना ने कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं करती जबकि सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्य के माध्यम से समाज में अपनी अलग पहचान रखती है वैश्विक महामारी कोविड - 19 का समय हो या अन्य कोई स्थिति भाजपा का कार्यकर्ता आमजन को राहत देता नजर आता है, भाजपा ही एक ऐसी राजनेतिक पार्टी है जिसका कार्यकर्त्ता सिर्फ चुनावी कार्य नहीं करता,अपितु लगातार 365 दिन आमजन के लिए सेवा कार्य मे लगा रहता है, इसी कारण भाजपा की एक अलग पहचान समाज के मध्य है।जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि हमारी संस्थान जन सेवा व सामाजिक सरोकार से जुड़ी है पूर्व मे भी संगठन द्वारा कोरोना के समय भी इस प्रकार की सेवा कार्य किए गए थे। इस अवसर पर अतुल अग्रवाल , रचित कच्छावा,रविंद्र दुआ, राजेश शर्मा चौधरी,सोनाली जैन, सुनील मुंदड़ा, दीपू गर्ग,सोनू जैन, गजेंद्र शर्मा,पंकज कुलियाना,विष्णु सेन,अनुराधा पारीक, लक्ष्मी यादव, मोनिका डीडवाना, नीरज पारीक, हरीश साहनी, बालेश गोहिल, राधिका सोनी, सरिता शेखावत, माया फुलवारी, नीतू, शकुंतला आशा व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

# क्लब की सेवा से 15 जरूरतमंद परिवार लाभान्वित



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आओ गांव चले सेवा करे एवम आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत उदयपुर क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र के गांव चोकड़िया में 15 जरूरतमंद परिवार के महिलाओ , बालक बालिकाओ एवम पुरुष को पेंट शर्ट,टी शर्ट, साड़ी, ब्लाउज और सलवार सूट की सेवा के साथ खाद्य सामग्री, बिस्किट एवम टॉफी आदि का वितरण किया गया है। क्लब अध्यक्ष लायन अनिल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में एवम समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी,क्लब के पूर्व सदस्य घनश्याम सोनी एवम श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की सदस्याओं के सहयोग से सेवा सामग्री अजमेर से उदयपुर घनश्याम सोनी के माध्यम से जरूरतमंद ग्राम वासियों को वितरण के लिए भेजी गई जिन्हे बहुत ही सम्मान के साथ सूचीबद्ध तरीके से भेंट की गई।

# आदिनाथ भवन में आयुर्वेद विशेषज्ञ द्वारा आयोजित परामर्श शिविर संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज रविवार दिनांक 2 जून को श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति एवं आरोग्यं आयुर्वेद संस्था द्वारा आदिनाथ भवन में निशुल्क आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि इस शिविर का उद्घाटन नवल कुमार अभिषेक जैन निवासी मंगल विहार जयपुर द्वारा किया गया।शिविर में पधारे सभी डॉक्टर का समिति ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये। शिविर के संयोजक जिनेंद्र काला, राजेश काला, अशोक सेठी एवं अशोक जैन गोधा थे। शिविर में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति के सदस्यों ने एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन महिला समिति की सदस्यायो ने भी अपनी सेवाएं देकर इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।समाज के भी कई गण मान्य सदस्यों ने इसमें अपना योगदान दिया। अतुल जैन, डॉ. श्वेता जैन आरोग्यं आयुर्वेद संस्था एवं सुरेश भोंच ने भी इसमें अपना सहयोग दिया। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िय ने सभी सहयोग कताओं का आभार प्रकट किया। इस शिविर में सैकड़ो लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और निशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा का लाभ लिया।

# मुंबई, दिल्ली बुक फेयर में प्रदर्शित हुई 'यकीन से मुमकिन तक'




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** उदयपुर के नवोदित राइटर वंदन राज टाक की पहली पुस्तक 'यकीन से मुमकिन तक' नए कीर्तिमान गढ़ रही है।हाल ही में यह किताब दिल्ली के रामजस कॉलेज एवं मुंबई में ड्रीम कॉम्प्लेक्स बांडउप वेस्ट और अमृत शक्ति चाँदीवली पोवाई में प्रदर्शित की गई। द ग्रेट इंडियन बुक टूर के माध्यम से किताब देश के अलग–अलग शहरों में पहुँच रही है।युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी साबित हो रही पुस्तक को युवा हाथों–हाथ ले रहे हैं। **जसबीर सिंह, न्यूज एडिटर, उदयपुर।**

# स्वस्ति भूषण माताजी ने बताया कि केशवरायपाटन क्षेत्र का नाम केशवरायपाटन कैसे पड़ा? और यह अतिशय क्षेत्र कैसे कहलाया?

**केशवरायपाटन. शाबाश इंडिया**





परम पूजनीय भारत गौरव गणिनो आज माता जी ने शंका समाधान में देशभर के विभिन्न शहरों से पधारे हुए भक्तगणों की शंका का समाधान किया। दान देने का क्या महत्व है? नए मंदिर के निमार्ण एवं प्राचीन तीर्थ क्षेत्र के जीर्णोद्धार में दिया दान कितना फलदायी है? इस शंका का समाधान करते हुए पूज्य गुरु मां ने कहा कि :- दान का तात्पर्य है परोपकार की भावना से सहयोग की भावना से द्रव्य को देना। आचार्य कुंदकुंद स्वामी ने श्रावकों के लिए रयणसार ग्रंथ में दान और पूजा को मुख्य कहा है।100 नए मंदिर बनाने का फल एवं 1 प्राचीन तीर्थ क्षेत्र का जीर्णोद्धार कराने का फल बराबर होता है। आचार्य समंतभद्र स्वामी कहते हैं। एक वट के बीज के बराबर दिया हुआ दान भी भवांतर में वट के वृक्ष के बराबर फलदायी होता है। वट का बीज का सरसों के बीज का लगभग एक चौथाई होता है। पूज्य माताजी से जब शंका समाधान कार्यक्रम में पूछा गया कि- केशवरायपाटन क्षेत्र का नाम केशवराय पाटन कैसे पड़ा? और यह अतिशय क्षेत्र कैसे कहलाया? पूज्य माताजी ने इसका समाधान एवं जानकारी विस्तृत रूप से बताते हुए कहा की- आज से 2000 वर्ष पूर्व आचार्य कुंदकुंद स्वामी हुए हैं जिन्होंने यहां पर विराजमान जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी को निर्वाणकांड में नमस्कार करते हुए लिखा है ''आसारम्में पट्टनि मुनिसुव्वओ तहेव वंदामी'' अर्थात आशारम्य पट्टन (वर्तमान केशवराय पाटन) में मुनिसुव्रत को मैं नमस्कार करता हूं! पट्टन का अर्थ नदी समुद्र आदि के तट (किनारे) से होता है। यहां अनेकों अतिशय घटित हुए हैं, जब मुगलकाल में यहां आक्रमण हुआ तो छैनी हथौड़ों से भगवान को तोड़ा जाने लगा लेकिन जैसे ही भगवान के दाहिने पैर के अंगूठे को तोड़ा गया तो तीव्रवेग से दूध की धार निकल पड़ी और सारे आक्रांता भयभीत होकर भाग खड़े हुए। जब नगर में महामारी महामारी फैल गई तो सभी नगर वासी जंगलों की ओर पलायन कर गए, जाते समय भगवान के चरणों में एक दीपक जलाकर गए, 4-5 माह बाद जब वापिस आए तो देखा कि वह दीपक ज्यों का त्यों जल रहा है। भगवान की प्रतिष्ठा के विषय में आचार्य अर्हदवली द्वारा लगभग 4100 वर्ष पूर्व का उल्लेख मिलता है! कहते हैं कि ये प्रतिमा स्वयंभू है! अर्थात स्वयं ही प्रकट हुई है! इससे ज्ञात होता है की यहां का इतिहास बहुत पुराना है! क्षेत्र की अनेकों विशेषताएं हैं अनेकों साधु संतों ने आकर यहां तपश्चरण किया है! सदियों से यहां पर पूजन विधान हवन जाप आदि होते रहने से यहां की भूमि भी बहुत ऊर्जावान हो गई है। भगवान की ऊर्जा का तो कहना ही क्या है! उनके एक बार दर्शन करने मात्र से विघ्न बाधाएं क्षण मात्र में दूर हो जाती हैं! आज भी यहां अनेकों अतिशय घटित होते रहते हैं। चेतन जैन केशोरायपाटन से प्राप्त जानकारी के साथ अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

# जिला मीडिया क्लब के अध्यक्ष नामदेव ने की कार्यकारिणी घोषित

## कलाकार महासचिव, कुरौलिया उपाध्यक्ष बने




**गौरव जैन सिन्नी. शाबास इंडिया**

अशोकनगर। रविवार को जिला मीडिया क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी। क्लब के संरक्षक पवन जैन और सुनील तनेजा की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष ने मनोज जैन कलाकार को महासचिव और उदयभान सिंह यादव को सचिव नियुक्त किया है जबकि शिवनारायण कुरौलिया, राजकुमार नामदेव और राहुल चौधरी को जिला मीडिया क्लब का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष करन रजक, संगठन मंत्री राजेन्द्र रजक, सहसचिव महेन्द्र ओझा और जगदीश साहू बिट्टू व्यवस्था मंत्री, राजकुमार लोधी और मीडिया प्रभारी पत्रकार सुशील कुशवाह को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अखिलेश श्रीवास्तव, नरेन्द्र शर्मा रानू, दीपक श्रीवास्तव, गौरव जैन सिन्नी, वीरेन्द्र कुमार ओझा, आकाश कुशवाह, दीपेश शर्मा, राजकुमार अहिरवार, रवि वंशकार, चंदन नामदेव शामिल हैं।

# दोनो मुनिराजो के चतुर्मास का संकल्प लिए, इंदौर जैन समाज ने किया श्री फल समर्पण



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। इंदौर नगर दिगम्बर जैन समाज के सेकंडों की तादाद में समाज जन विदिशा, भोपाल के लिए बसों से रवाना हुए। समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि भोपाल में विराजित पुज्य मुनि श्री विनम्र सागर जी को इंदौर नगर दिगम्बर जैन समाज एवं दयोदय चेरीटेबल ट्रस्ट तुकोगंज जैन समाज के नेतृत्व में श्री फल समर्पण कर गुरु देव से निवेदन किया तत्पश्चात विदिशा में विराजमान शंका समाधान प्रेणता पुज्य मुनिवर प्रमाण सागर जी के पास पहुंच कर शाम के समय गुरु देव के श्री चरणों में समस्त गुरु भक्तों की ओर से श्री फल समर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं पुज्य गुरु देव के शंका समाधान में इंदौर जैन समाज की जिज्ञासा एवं निवेदन किया। इसमें प्रमुख अशोक रानी डोशी,मनोज बाकलीवाल जेनेश झांझरी भरत मोदी चिंतन बाकीवाला अक्षय कासलीवाल राजु अलबेला प्रदीप जैन अनामिका मनोज बाकलीवाल आदि ने अपनी अपनी जीज्ञासा रखी।